■आदि और इत्यादि में अंतर■

'**आदि**' और '**इत्यादि**' शब्द का प्रयोग, किसी वाक्य में बहुत से संज्ञा शब्दों के एक साथ आने पर करते हैं। किंतु '**आदि**' शब्द एवं '**इत्यादि**' शब्दों के प्रयोग की स्थितियां अलग-अलग होती है।

'आदि' के प्रयोग पहली स्थिति-

इस शब्द का प्रयोग उस समय किया जाता है जब वाक्य में कुछेक संज्ञाएँ एक साथ किसी वाक्य में आती हैं।

उदाहरण-. किसान को कृषि हेतु खाद, बीज, दवाइयां **आदि** खरीदना पड़ता है।

'आदि' के प्रयोग की दूसरी स्थिति-

वाक्य में जब एक ही समुदाय वर्ग की वस्तुओं का वर्णन किया गया हो तब '**आदि**' का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण- मैंने बाजार से सब्जियों में गाजर, मूली, टमाटर, पालक, भटे **आदि** खरीदे।

इत्यादि के प्रयोग-

पहली स्थिति-

'**इत्यादि**' शब्द का प्रयोग उस समय

किया जाता है जब वाक्य में बहुत सी संज्ञाएँ एक साथ प्रयुक्त हुई हो।

उदाहरण- हमें अपने भोजन में सब्जियाँ, दालें, फल, दूध, अंडा, मांस, अंकुरित अनाज **इत्यादि** शामिल करना चाहिए।

दूसरी स्थिति-

वाक्य में जब भिन्न-भिन्न वर्ग की संज्ञाओं (वस्तुओं) का वर्णन किया गया हो तो भी वह '**इत्यादि**' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण- इंसान को जीने के लिए घर, अनाज, रुपया-पैसा, कपड़ा, दवा-दारू, रिश्ते-नाते **इत्यादि** की आवश्यकता पड़ती है।

RF competition